दैनिक जागरण 23/12/2024

# महान गणितज्ञ रामानुजन से विद्यार्थी प्रेरणा लें : डा. राजेश

जासं • अंबाला : अंबाला कैंट के गांधी मेमोरियल नेशनल (जीएमएन) कालेज में राष्ट्रीय गणित दिवस पर वेबिनार का आयोजन किया गया। राष्ट्रीय स्तर के इस वेबिनार का आयोजन जीएमएनम कालेज के गणित विभाग द्वारा नेताजी सुभाष चंद्र बोस मेमोरियल गवर्नमेंट कालेज हमीरपुर हिमाचल प्रदेश के सहयोग से गूगल मीट के माध्यम से किया गया। कालेज के गणित विभाग के प्रोफेसर डा. राजेश सैनी मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम के आरंभ में कार्यक्रम की कोआर्डिनेटर प्रो. शिवानी निझावन ने बताया कि भारत सरकार ने भारतीय गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन की जयंती को चिह्नित करने के लिए हर साल 22 दिसंबर को राष्ट्रीय गणित दिवस के रूप में मनाने की घोषणा की है। कालेज प्राचार्य डा. रोहित दत्त ने कहा कि महान गणितज्ञ रामानुजन का गणित में योगदान अतुल्य है।

गणित विभाग की विभागाध्यक्ष एवं कार्यक्रम की संयोजक डा. पिंकी ने बताया कि रामानुजन को आधुनिक काल के महानतम गणित विचारकों में गिना जाता है। गवर्नमेंट कालेज हमीरपुर के गणित विभागाध्यक्ष एवं संयोजक डा. संजय कांगो ने बताया कि गणित के जादूगर रामानुजन ने गणित के लगभग साढ़े तीन हजार सिद्धांत बनाए थे। मुख्य वक्ता डा. राजेश सैनी ने बताया कि श्रीनिवास रामानुजन पर ब्रिटिश लेखक राबर्ट कनिगेल ने उनके जीवन पर एक किताब भी लिखी है। इस मौके पर प्रो. सुजाता गोयल, प्रो. अर्चना जैन, प्रो. सृष्टि कपूर आदि मौजूद रहे।